Ans. (c) : टीकाराम पालीवल राजस्थान के तीसरे मुख्यमंत्री थे। इनका कार्यकाल 3 मार्च 1952 से 31 अक्टूबर 1952 तक था। ये राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री थे। ये राजस्थान के राजस्वमंत्री, वित्तमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री भी रहे हैं। हरिशंकर सिंह भाभड़ा राजस्थान के उपमुख्यमंत्री (मार्च 1990 - अक्टूबर 1994) रह चुके हैं। इनका कार्यकाल उपमुख्यमंत्री के तौर पर सर्वाधिक रहा है।

70. राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन लोक सभा के सदस्य नहीं रहे हैं?

(A) हरिदेव जोशी (B) भैरों सिंह शेखावत
(C) टीकाराम पालीवाल (D) बरकतुल्लाह खान

Correct answer is/सही उत्तर है-

(a) (A), (B), (C) और (D)
(b) केवल (A) और (B)
(c) केवल (B), (C) और (D)
(d) केवल (A), (B) और (D)

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : हरिदेव जोशी, भैरो सिंह शेखावत और बरकतुल्लाह खान लोकसभा के सदस्य नहीं रहे हैं। राजस्थान राज्य के पहले मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री जी थे। वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं।

71. राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2011 राज्य में लागू हुआ-

(a) 26 जनवरी 2011 (b) 15 अगस्त 2011
(c) 02 अक्टूबर 2011 (d) 14 नवम्बर 2011

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम 14 नवम्बर 2011 से लागू हुआ। राजस्थान सरकार ने 14 नवंबर 2011 को पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक सेवाओं की गारंटीयुक्त डिलीवरी अधिनियम की शुरूआत की। यह समयबद्ध तरीके से सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से लागू हुआ। प्रारम्भिक अधिनियम में 15 प्रमुख सरकारी विभागों की 108 सेवाओं को शामिल किया गया था। वर्तमान में स्थानीय स्वशासन विभाग की 11 सेवाओं सहित 18 विभागों को कवर करने वाली 153 सेवाएँ अधिनियम के अन्तर्गत शामिल है।

72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

सूची-I मुख्यमंत्री	सूची-II राज्यपाल
A. भैरों सिंह शेखावत	i. रघुकुल तिलक
B. बरकतुल्लाह खान	ii. सरदार जोगिन्दर सिंह
C. मोहन लाल सुखाड़िया	iii. डॉ. सम्पूर्णानंद
D. वसुन्धरा राजे	iv. मदनलाल खुराना

कूटः

	A	B	C	D
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(c)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(d)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान के मुख्यमंत्री और राज्यपाल का सुमेल निम्नलिखित है–

सूची-I मुख्यमंत्री	सूची-II राज्यपाल
A. भैरों सिंह शेखावत	i. रघुकुल तिलक
B. बरकतुल्लाह खान	ii. सरदार जोगिन्दर सिंह
C. मोहन लाल सुखाड़िया	iii. डॉ. सम्पूर्णानंद
D. वसुन्धरा राजे	iv. मदनलाल खुराना

73. राजस्थान के मन्त्रिपरिषद में अधिक से अधिक कितने सदस्य (मुख्यमन्त्री सहित) हो सकते हैं?

(a) 20 (b) 25
(c) 30 (d) 35

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (c) : 91वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के तहत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 15 प्रतिशत निर्धारित की गई है। संविधान के अनुच्छेद 75(1)(a) तथा 164(1)(a) के तहत यह प्रावधान निहित है। राजस्थान विधान मंडल में सदस्यों की कुल संख्या 200 है इसलिए राजस्थान के मंत्रि परिषद में अधिक से अधिक 30 सदस्य मुख्यमंत्री सहित हो सकते हैं। मंत्रियों की कुल संख्या 12 से कम नहीं होनी चाहिए।

74. राजस्थान में विलय के समय अजमेर का मुख्यमंत्री कौन था?

(a) बालकृष्ण कौल (b) ज्वालाप्रसाद शर्मा
(c) हरिभाऊ उपाध्याय (d) हरबिलास शारदा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (c) – हरिभाऊ उपाध्याय का जन्म मध्य प्रदेश के उज्जैन में हुआ था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ये अजमेर के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए थे। बापू के आश्रम में, स्वतंत्रता की ओर, मनन, साधना के पथ पर, हिंसा का मुकाबला कैसे करें एवं भागवत धर्म इनकी प्रमुख पुस्तकें हैं।

75. भारत के संविधान का कौन सा संशोधन अधिनियम राजस्थान के मंत्रि-परिषद् के आकार को परिसीमित करता है?

(a) संविधान (89वाँ संशोधन) अधिनियम,2003
(b) संविधान (95वाँ संशोधन) अधिनियम,2009
(c) संविधान (91वाँ संशोधन) अधिनियम,2003
(d) संविधान (75वाँ संशोधन) अधिनियम,1999

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (c) : 91वां संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के अधीन मंत्रिपरिषद के आकार को सीमित किया गया। इस संशोधन के अधीन मंत्रिपरिषद की संख्या कुल सदस्यों की संख्या के 15% से अधिक नही हो सकती। परन्तु न्यूनतम 12 सदस्यों से कम नही होगी।

76. 'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम' के अनुसार विधानसभा में मंत्री परिषद् में अविश्वास प्रस्ताव के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं?